प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा के पहले चरण के चुनाव के लिये कल जारी होगी नामांकन की अधिसूचना : पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर 27 मार्च तक भरे जा सकेंगे पर्चे।
2. मतदाता जागरूकता के लिये प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन : चौपाल लगाने से लेकर संकल्प पत्र भरवाने में जुटे अधिकारी।
3. प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिये मीडिया गाइड लाइन जारी की।

और

4. समाजवादी पार्टी किसानों और नौजवानों के लिये लायेंगी विजन डॉक्यूमेंट : पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा– हमें चुनाव आयोग पर पूरा भरोसा।

—————————

लोकसभा के पहले चरण के लिए अधिसूचना कल जारी कर दी जाएगी। इसी के साथ पहले चरण के चुनाव के लिए प्रत्याशियों की नामाकंन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस चरण की सीटों के लिए प्रत्याशी सताईस मार्च तक नामाकंन कर सकेगें। तीस मार्च तक उन्हें नाम वापसी का अवसर दिया जाएगा। पहले चरण का मतदान उन्नीस

अप्रैल को होगा। मतगणना चार जून को होगी। प्रदेश में इस चरण में आठ लोकसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। यह सीटें हैं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कैराना, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। प्रशासन अधिसूचना जारी करने और नामांकन प्रक्रिया शुरू किये जाने को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दे रहा है। हमारे बिजनौर प्रतिनिधि के अनुसार जिले की बिजनौर और नगीना सुरक्षित सीट के लिए अलग.अलग नामांकन कक्ष स्थापित कर दिये गये है। नामाकंन को पारदर्शी बनने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गयी है। हमारे पीलीभीत प्रतिनिधि ने बताया कि जिले में शान्ति और सुरक्षा के साथ नामाकंन संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। वहां के पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने बताया कि पुलिस के एक सौ पच्चीस अधिकारी और कर्मचारी पूरी सुरक्षा के साथ नामांकन को संपन्न कराएगें।

---

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। कहीं रैली निकाल कर लोगों से मतदान की अपील की जा रही है तो कहीं संगोष्ठी के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता की चुनाव आयोग की मुहिम में प्रशासन विभिन्न

स्वंयसेवी संस्थाओं की मदद भी ले रहा है। शिक्षण संस्थान भी अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता अभियान में महिलाओं और पहली बार मतदाता सूची में षामिल युवाओं को मतदान के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। पीलीभीत जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों की टीम गांव–गांव जा कर चैपाल लगा रही हैं वहां के जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया है कि स्कूली बच्चों क माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान के लिए अभिभावकों से संकल्प पत्र भरवाए गये हैं।

उधर, वाराणसी के केन्द्रीय  कारागार में मतदाता जागरूकता को लेकर अनूठी पहल की गयी है वहां कैदियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके हाथ पर मुलाकात मुहर क साथ.साथ मतदाता जागरूकता की भी मुहर लगायी जा रही है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

*लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है ऐसे में ज्यादा से ज्यादा मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जनता के बीच में चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में जनपद वाराणसी के केंद्रीय कारागार में एक अनोखी पहल करते हुए जेल में कैदियों से आने वाले मुलाकातियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके हाथ में मुलाकात मोहर के साथ–साथ साथ मतदाता जागरूकता की मोहर भी लगाई जा रही है। जिससे कि वह जब मुलाकात करके अपने समाज में जाएंगे तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर सकेंगे केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक राधा कृष्ण मिश्रा ने बताया कि क्योंकि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा*

*पर्व है ऐसे में अपनी जिम्मेदारियां को निभाते हुए केंद्रीय कारागार ने भी अपने हर मुलाकातियो के लिए एक अलग मोहर बनाकर उनके हाथों में लगा रहा है जिससे कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों में इसका प्रचार प्रसार कर सके और हमारा मतदान प्रतिशत सत प्रतिशत हो सके। पूरे चुनाव भर मोहर लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा इसके अलावा अन्य तैयारियां भी समय–समय पर की जायेंगी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

—————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ में पत्रकारों के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में आदर्श आचार संहिता के दौरान पत्रकारों द्वारा की जाने वाली रिपोर्टिंग से संबंधित प्रोटोकाल का अनुपालन करने की अपील की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपेक्षा की, कि प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार पर विशेष सतर्कता बरती जाये। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर भ्रामक खबरे पर कड़ी नजर रखी जायेगी। इस दौरान उन्होंने इस संबंध में एक गाइड लाइन भी जारी की। कार्यशाला के पश्चात पत्रकारों द्वारा पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया को लेकर पूछे गये सवाल पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग इसके लिये पूरी तरह से तैयार है।

—————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने स्टार प्रचारकों की रैली और बैठकों पर आने वाले खर्च को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा है कि स्टार प्रचारक जिन प्रत्याशियों के साथ मंच सांझा करेगें उसका खर्च उस प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया है कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को परिणाम की घोषणा के नब्बे दिन के अन्दर अपने दल का चुनाव खर्च निर्धारित प्रारूप पर भर कर भारत निर्वाचन आयोग के पास जमा करना होगा। गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दीपक कुमार को प्रदेश का नया अपर मुख्य सचिव गृह बनाया गया है। चुनाव आयोग ने उनके नाम की सहमति दे दी है। इससे पहले चुनाव आयोग ने कल छह राज्यों के गृह सचिवों को हटा दिया था। इसके बाद प्रदेश में पूर्व प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाते हुए यह पदभार मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के पास चला गया था।

———————

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने आज कहा कि उनकी पार्टी विजन डॉक्यूमेंट लाने जा रही है, जिसमें किसानों और नौजवानों के लिये पार्टी की योजनाओं और नीतियों का विवरण होगा। लखनऊ म एक प्रेसवार्ता मे उन्होंने कहा कि अब जनता ही लोकतंत्र को बचाएगी। वोटर लिस्ट को लेकर कई शिकायतें हमने चुनाव आयोग से की है। हमे आयोग पर भरोसा है।

उधर, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर जनपद मैनपुरी के जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, समेत अन्य कई अधिकारियों को तत्काल जनपद से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है।

———————

21 जून को दुनिया भर में अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। आयुष मंत्रालय ने इस बार सौ दिन सौ

स्थल पर योग अभियान शुरू कर दिया है। सहारनपुर से हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*आयुष मंत्रालय भारत सरकार और मोक्षायतन योग संस्थान समेत देश के अग्रणी योग संस्थान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की तैयारी में सौ दिन पहले देश भर में सौ दिन सौ स्थल पर योग उत्सव मना रहे हैं। सहारनपुर में मोक्षायतन योग संस्थान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क स्थित पंचवटी के प्राकृतिक टीले पर गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण की मौजूदगी में महापौर डा अजय कुमार सिंह और सेना के कमांडेंट लौ कुमार यादव ने योग प्रेमियों के साथ साधना दीप जलाकर योगदिवस श्रंखला का शुभारंभ किया। गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने योग साधको को अनूठे अंदाज में योग कराकर सभी को एक सूत्र में बांध दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से नदी –नालियों को साफ रखने का भी आह्वान किया। विजयंत सैनी आकाशवाणी समाचार सहारनपुर।*

———————

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने प्रयागराज के फाफामऊ स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र परिसर में अपना 85वां सीआरपीएफ दिवस समारोह अत्यंत उत्साह, गर्वएवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर भव्य परेड का आयोजन किया गया । सीआरपीएफ के जिन शहीदों ने कर्त्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया, उनके परिजनों को इस परेड के अवसर पर आमंत्रित किया गया। छात्रों तथा एन सी सी कैडेट्स ने भी परेड का आनंद लिया। राष्ट्र की सेवा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बल के 2259 बहादुरों को, समारोह के दौरान, शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

---

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन में दोबारा निर्वाचित राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को शपथ दिलाई। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

---

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को मंजूरी देने के लिए नई दिल्ली में पार्टी कार्य समिति की बैठक संपन्न हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह, अजय माकन तथा के, सी, वेणुगोपाल सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी बैठक में उपस्थित थे। लाकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए आज कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की भी बैठक संभावित है।

(समाप्त)